RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : शुक्रवार 15 सितंबर 2023 | वर्ष 05 | अंक 142 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक

# रोकठोक लेखनी

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## मराठा नेता मनोज जारांगे-पाटिल को सीएम के पिलाया जूस...

## नेता ने तोड़ा 17 दिन का अनशन !

मुंबई। मराठा नेता मनोज जारांगे-पाटिल ने आखिरकार गुरुवार सुबह यहां अंतरावली-सारती गांव में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से जूस का गिलास लेकर अपनी 17 दिन लंबी भूख हड़ताल तोड़ दी। जारांगे-पाटिल ने गुरुवार सुबह मुख्यमंत्री, केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रावसाहेब दानवे-पाटिल, राज्य मंत्री गिरीश महाजन और अन्य नेताओं का स्वागत किया। जालना पहुंचने पर शिंदे सीधे आंदोलन स्थल पर गए, मंच पर कदम रखा जहां मराठा नेता पिछले दो सप्ताह से अधिक समय से विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं, और जारांगे-पाटिल के साथ कुछ बातचीत की।



मुख्यमंत्री द्वारा अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल तोड़ने के लिए मनाए जाने पर जारांगे-पाटिल मुस्कुराए, अपने समर्थकों और अन्य लोगों की ओर देखा और फिर शिंदे के हाथ से संतरे के जूस का एक गिलास लिया, मुस्कुराए और झिझक के साथ उसे पीया, जिसके बाद उनकी लंबी भूख हड़ताल खत्म हो गई। इस पर वहां मौजूद कई मराठा नेताओं सहित सभा में मौजूद लोगों ने खुशी मनाई और तालियां बजाई। इसके साथ ही महाराष्ट्र में राजनीतिक संकट का एक बुरा दौर खत्म हो गया।

## 'काम रोको' आदेश का उल्लंघन करने के लिए

## एफडीए नें माहिम स्थित रेस्तरां, मुंबई दरबार के खिलाफ एफआईआर किया दर्ज

माहिम : खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) ने बुधवार को माहिम स्थित रेस्तरां, मुंबई दरबार के खिलाफ पहली सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज की, क्योंकि यह पाया गया कि भोजनालय ने काम रोकने के आदेश की अवहेलना करते हुए काम करना जारी रखा। यह कार्रवाई एजेंसी द्वारा हाल ही में प्रतिष्ठान में औचक निरीक्षण करने और गैर-अनुपालन संबंधी मुद्दे पाए जाने के बाद की गई है। हालाँकि, एजेंसी ने रेस्तरां की ओर से किए गए उल्लंघनों के बारे में विवरण साझा करने से इनकार कर दिया।




हम एक विशेष अभियान चला रहे हैं जिसके तहत सभी भोजनालयों का निरीक्षण किया जा रहा है। माहिम आउटलेट का भी निरीक्षण किया गया और मानदंडों का उल्लंघन पाया गया। इसलिए, काम रोकने का नोटिस जारी किया गया था, लेकिन मंगलवार को हमें सूचना मिली कि रेस्तरां पूरी तरह से चालू है, जिसके बाद हमने अचानक दौरा किया। हमने इसके खिलाफ एफआईआर दर्ज की है, ''एफडीए के एक अधिकारी ने कहा। मुंबई दरबार उन दो खाद्य व्यवसायों में से एक है जिन्हें खाद्य नियमों का पालन न करने पर काम रोकने का नोटिस जारी किया गया था। रेस्तरां की माहिम शाखा के पास संचालन के लिए खाद्य लाइसेंस नहीं था। एफडीए का निरीक्षण और कार्रवाई पापा पंचो दा ढाबा के बंद होने के मद्देनजर हुई है। एक ग्राहक द्वारा चिकन डिश में चूहा मिलने की शिकायत के बाद पिछले महीने बांद्रा स्थित प्रतिष्ठान को बंद कर दिया गया था।

## मुंबई एयरपोर्ट पर हादसा, विशाखापत्तनम से आ रहा विमान रनवे पर फिसला... सभी यात्री सुरक्षित



**मुंबई :** मुंबई एयरपोर्ट पर गुरुवार को हादसा हो गया. एक प्राइवेट एयरक्राफ्ट रनवे पर फिसल गया. लैंडिंग के वक्त ये हादसा हुआ. बताया जा रहा है कि खराब मौसम के कारण ये हादसा हुआ. बारिश के कारण लैंडिंग के समय विजिबिलिटी 700 मीटर थी. विमान में 6 यात्री और क्रू के दो सदस्य सवार थे. 2 यात्रियों को प्लेन से निकाल कर अस्पताल ले जाया गया है. किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं है. फ्लाइट विशाखापत्तनम से मुंबई आ रही थी. रनवे 27 पर ये हादसा हुआ. हवाईअड्डा फिलहाल परिचालन के लिए बंद है और निरीक्षण के अधीन है.

## भिवंडी में अवैध इमारत में चल रहे विज्डम अकेडमी स्कूल के प्रबंधकों पर एमआरटीपी

## केस दर्ज होने के बाद स्कूल का मान्यता रद्द करने की उठी मांग... टैक्स चोरी का लग रहा आरोप

**मुस्तकीम खान**

**भिवंडी :** भिवंडी के गुलजार नगर इलाके में वर्षो से चल रहे विज्डम अकेडमी नामक इंग्लिश स्कूल के दो प्रबंधको के खिलाफ मनपा प्रशासन द्वारा एमआरटीपी के तहत केस दर्ज कराया गया है।जो बिना किसी मनपा प्रशासन से अनुमति लिए अवैध तरीके से एक मंजिला इमारत बनाकर उसमें स्कूल चलाते थे।मनपा प्रशासन द्वारा की गई इस कार्यवाई के बाद अब अवैध इमारत में चलाए जा रहे स्कूल की भी मान्यता रद्द किए जाने की मांग ने जोर पकड़ लिया है।जो शहर में इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। भिवंडी मनपा प्रभाग समिति एक के सहायक आयुक्त सुदाम जाधव ने शांतिनगर पुलिस स्टेशन में दर्ज कराए गए शिकायत में बताया है कि नागांव स्थित गुलजार नगर में सर्वे नंबर 96 पर एक मंजिला इमारत का निर्माण किया गया है।उक्त इमारत में अंसारी मोहम्मद ताहिर सरदार एजुकेशन एंड वेल्फेयर सोसाइटी द्वारा विज्डम अकेडमी इंग्लिश स्कूल संचालित किया जा रहा है। जिसके खिलाफ मिले तमाम शिकायत के बाद इमारत के निर्माण की जांच की गई। जिसमे पता चला की स्कूल मालिक मोहम्मद हासिम मोहम्मद ताहिर और मोहम्मद कासिम मोहम्मद ताहिर ने बिना मनपा प्रशासन से किसी प्रकार की अनुमति लिए अवैध रूप से उक्त इमारत का निर्माण किया गया है और इसमें नियम कानून को ताक पर रखकर स्कूल संचालित किया जा रहा है।जिसके तहत मनपा के प्रभाग समिती एक के सहायक आयुक्त सुदाम जाधव ने शांतिनगर पुलिस स्टेशन में दोनों भवन निर्माणकताओं के विरुद्ध महाराष्ट्र प्रादेशिक व नगर रचना अधिनियम 1966 की कलम 52 के तहत मामला दर्ज कराया गया है।इधर केस दर्ज होने के बाद समाजसेवक शारिफ अंसारी ने मनपा शिक्षण विभाग को पत्र देकर अवैध इमारत में चल रहे स्कूल की मान्यता रद्द कर संचालकों पर फौजदारी का केस दर्ज करने की मांग की है।उक्त लोगों ने यह भी आरोप लगाया है कि स्कूल संचालकों ने मनपा अधिकारियों से मिलकर बिल्डिंग पर नाम मात्र का संपत्ति कर लगाकर मनपा के राजस्व को जोरदार नुकसान पहुंचाया है।इसलिए अब तक नियम के तहत बिल्डिंग पर जितना भी टैक्स बनता है उसकी वसूली भी व्याज सहित करने की मांग की गई है।हालांकि इस संदर्भ में केस दर्ज स्कूल प्रबंधकों से संपर्क करने की कोशिश की गई लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो पाया।इधर मनपा के इस कार्रवाई से अवैध तरीके से स्कूल चलाने वाले प्रबंधकों के पैरों तले जमीन खिसक गई है।




## पुणे हवाई अड्डे में 33 लाख का सोना पकड़ाया... एयरपोर्ट से यात्री गिरफ्तार



**मुंबई :** सीमा शुल्क अधिकारियों ने पुणे हवाई अड्डे से सोने की तस्करी करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। इस सोने की कीमत 33.93 लाख रुपये बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक दुबई से आए आरोपी को पकड़ा गया था। अधिकारी ने कहा, ''प्रोफाइलिंग के आधार पर उसे हिरासत में लिया गया। हमें पता चला कि वह अपने गुप्त स्थान पर सोना छिपाया हुआ था।

555.6 ग्राम वजन और 33.93 लाख रुपये मूल्य के सोने के पेस्ट के दो कैप्सूल बरामद किए गए।'' जब्त किए गए सोने को सीमा शुल्क अधिनियम की धारा 110 के प्रावधानों के तहत कब्जे में लिया गया। वहीं सीमा शुल्क अधिनियम की धारा 104 के तहत उसे गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारी ने बताया कि मामले की अतिरिक्त जांच जारी है।



# संपादकीय / लेख



## विश्व में भारत का मान बढ़ाते भारतवंशी


फैसल शेख
(प्रधान संपादक)


दुनिया के कोने–कोने में भारतवंशी या भारतीय मूल के लोगों और प्रवासी भारतीयों की राजनीतिक, आर्थिक और कारोबारी क्षेत्रों में तेजी से बढ़ती संख्या भी भारत को वर्ष 2047 तक विकसित देश बनाने के सपने को साकार करने के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण मानी जा रही है। हाल में भारतवंशी थरमन षणमुगरत्नम सिंगापुर के राष्ट्रपति बने हैं। थरमन वैश्विक मंचों पर सिंगापुर और भारत के हितों को बेबाकी से प्रस्तुत करने के लिए जाने जाते हैं। थरमन के अलावा ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, आयरलैंड के प्रधानमंत्री लियो वराडकर, पुर्तगाल के प्रधानमंत्री एंटोनियो कोस्टा, अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस, गुयाना के राष्ट्रपति मोहम्मद इरफान अली, मारीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जगन्नाथ और राष्ट्रपति पृथ्वीराज सिंह रूपन, सूरीनाम के राष्ट्रपति चंद्रिका प्रसाद संतोखी आदि भारतवंशी राजनेता अपने–अपने देशों को आगे बढ़ा रहे हैं। साथ ही ये विश्व मंच पर भारत के हितों के हिमायती हैं और हरसंभव तरीके से भारत के विकास में अपना अहम योगदान देते हुए भी दिखाई दे रहे हैं।

हम जी–20 शिखर सम्मेलन में आए विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की डिप्टी डायरेक्टर गीता गोपीनाथ की भी अनदेखी नहीं कर सकते। बंगा ने कुछ माह पहले ही विश्व बैंक के अध्यक्ष का दायित्व संभाला है। वह इस संस्था की अध्यक्षता करने वाले पहले भारतवंशी है। भारत में ही पढ़ाई करने के कारण वह स्वयं को ह्यमेक इन इंडियाह्ल का प्रतीक बताते हैं। विभिन्न देशों में राजनीति की ऊंचाइयों पर पहुंचने के साथ–साथ भारतवंशी आइटी, कंप्यूटर, मैनेजमेंट, बैंकिंग, वित्त आदि क्षेत्रों में भी बहुत आगे हैं। उल्लेखनीय है कि माइक्रोसाफ्ट के सीईओ सत्या नडेला, गूगल के सुंदर पिचई, नोवार्टिस के वसंत नरसिम्हन, एडोब के शांतनु नारायण, आइबीएम के अरविंद कृष्णा, स्टारबक्स के लक्ष्मण नरसिम्हन, वर्टेक्स फार्मास्यूटिकल्स की रेशमा केवलरमानी, माइक्रोन टेक्नोलाजी के संजय मेहरोत्रा, कैडेंस डिजाइन सिस्टम्स के अनिरुद्ध देवगन, पालो अल्टो नेटवर्क के निकेश अरोड़ा, वीएमवेयर के रंगराजन रघुराम, इमर्सन इलेक्ट्रिक कंपनी के सुरेंद्रलाल करसनभाई, माइक्रोचिप प्रौद्योगिकी के गणेश मूर्ति आदि अपनी प्रतिभा एवं कौशल से कारोबार और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में दुनिया की अगुआई कर रहे हैं।

इसमें कोई दो मत नहीं है कि भारतवंशियों और प्रवासी भारतीयों के लिए विदेश की नई संस्कृति में ढलकर ऐसी अद्भुत सफलता हासिल करना आसान नहीं होता। भारतवंशियों के जीवन को आकार देने, उन्हें ऊंचे पदों पर पहुंचाने, कार्य की रणनीति बनाने तथा नेतृत्व की भूमिका के साथ न्याय करने में उन्हें मूल रूप से मिले हुए भारतीय संस्कार और मूल्य अहम भूमिका निभाते हैं। यद्यपि चीनी प्रवासी भी दुनिया के कोने–कोने में फैले हुए हैं, लेकिन वे भारतीय प्रवासियों की तरह शीर्ष वैश्विक संस्थानों, राजनीति और उद्योग–कारोबार में वैसी प्रभावी भूमिका नहीं रखते हैं। दुनिया में प्रवासी भारतीयों का सबसे बड़ा डायस्पोरा है, जिनकी संख्या लगभग 3.2 करोड़ है। विदेश में रह रहे भारतीयों में भारतवंशी (पर्सन आफ इंडियन ओरिजिन), नान रेजिडेंट इंडियन (एनआरआइ) और ओवरसीज सिटीजन आफ इंडिया (ओसीआइ) मुख्य रूप से शामिल हैं। भारतीय विदेश मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार दुनिया में एनआरआइ की संख्या करीब 1.34 करोड़ है और ये भारत में अपने संबंधित क्षेत्र में मतदान के पात्र हैं।

सबसे ज्यादा प्रवासी भारतीय अमेरिका में रहते हैं। अमेरिका में विभिन्न प्रवासी समूहों में सबसे अधिक आय भारतीयों की है। आस्ट्रेलिया में भी भारतीयों की औसत आय वहां के राष्ट्रीय औसत से डेढ़ गुना अधिक है। प्रवासी भारतीय भारत धन भेजने के मामले में भी अन्य सभी देशों के प्रवासियों से बहुत आगे हैं। वर्ष 2022 में प्रवासी भारतीयों द्वारा भेजी जाने वाली रकम 100 अरब डालर से भी अधिक रही। वहीं वर्ष 2021 में प्रवासियों ने करीब 87 अरब डालर की रकम भारत भेजी। प्रवासियों से धन प्राप्त करने वाले दुनिया के विभिन्न देशों की सूची में भारत वर्ष 2008 से अब तक शीर्ष पर बना हुआ है।


+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91


# मुंबई की सबसे बड़ी लैंड डील, 5200 करोड़ रुपये में बिकी बॉम्बे डाइंग की प्रॉपर्टी

**मुंबईः** वाडिया ग्रुप के स्वामित्व वाली बॉम्बे डाइंग एंड मैन्युफैक्चरिंग कंपनी लिमिटेड ने बुधवार को वर्ली में 22 एकड़ जमीन का लैंड पार्सल 5200 करोड़ रुपये में बेचने का प्रपोजल अप्रूव कर दिया है। कंपनी ने कहा कि वह ये जमीन जापानी कंपनी सुमितोमो रियल्टी एंड डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड की सब्सिडियरी गोइसु रियल्टी को बेच रही है। वैल्यू के हिसाब से यह मुंबई की सबसे बड़ी लैंड डील कही जा रही है।



कंपनी ने कहा कि बॉम्बे डाइंग इस लैंड डील को दो चरण में पूरा करेगा। पहले चरण में कंपनी को गोइसु रियल्टी से 4,675 करोड़ रुपये मिलेंगे, बाकी 525 करोड़ रुपये बॉम्बे डाइंग की कुछ शर्तों को पूरा करने के बाद दूसरे चरण में हासिल होंगे। गौरतलब है कि कंपनी इस रकम का इस्तेमाल अपना 3969 करोड़ रुपये का कर्ज चुकाने और रियल एस्टेट प्रोजेक्ट के फाइनेंस के लिए, कंपनी की बैलेंस शीट को मजबूत करने के लिए करेगी। कंपनी पिछले साल 900 करोड़ का कर्ज चुका चुकी है।

### बीएमसी के अधिकारी ने कही ये बात...

बीएमसी के एक अधिकारी ने बताया कि मिल की ये जमीन सरकारी एजेंसियों को सौंपने के बदले में डेवलपर को 82,000 वर्ग मीटर एरिया विकसित करने का अधिकार मिलेगा। वहीं इस एरिया में जो हाउसिंग बिल्डिंग बनेंगी वो ट्रांजिट एकोमॉडेशन और मिल वर्कर्स के लिए घर बनाने में इस्तेमाल होंगी।

### बॉम्बे डाइंग की प्रॉपर्टी दादर–नैगॉम में शिफ्ट किया

इसी जमीन पर बॉम्बे डाइंग का हेडक्वार्टर 'वाडिया इंटरनेशनल सेंटरछबना है। पिछले हफ्ते इसे खाली किया गया और कंपनी के चेयरमैन नुस्ली वाडिया के दफ्तर को बॉम्बे डाइंग की प्रॉपर्टी दादर–नैगॉम में शिफ्ट किया गया। वाडिया हैडक्वॉर्टर के पीछे बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी का फेमस बैस्टियन रेस्टोरेंट भी बंद था। महाराष्ट्र की मिल लैंड पॉलिसी के मुताबिक बॉम्बे डाइंग ने अपनी दादर–नैगॉम मिल की आठ एकड़ जमीन बीएमसी को पार्क या रीक्रिएशनल स्पेस के लिए सौंपा है। 8 एकड़ भूमि महाराष्ट्र की हाउसिंग अथॉरिटी 'म्हाडा' को दी गई है, जहां पब्लिक हाउसिंग सोसायटी विकसित की जानी है।

# मुंबई में मनपा बनाएगी 14 हजार शौचालय




**मुंबई :** मुंबई में करीब 14 हजार सार्वजनिक शौचालयों के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। मनपा आयुक्त एवं प्रशासक इकबालसिंह चहल ने शौचालय निर्माण की मंजूरी दे दी है। इस कार्य की निगरानी मनपा विभाग कार्यालयों के बजाय केंद्रीय विभाग के माध्यम से की जाएगी। मनपा ने चरण 11 के तहत 19 हजार 809 सार्वजनिक शौचालयों में से 19 हजार 56 शौचालयों का निर्माण किया है। चरण संख्या 12 के तहत 14 हजार 166 शौचालयों का निर्माण कराया जायेगा और इसके लिए टेंडर प्रक्रिया हो चुकी है। जब यह प्रक्रिया अंतिम चरण में थी, तब मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बताया कि शौचालयों का काम खराब गुणवत्ता का था।

# मुंबई के मशहूर फूड ज्वाइंट बड़े मियां पर FDA की रेड, किचन में मिले कॉकरोच और चूहे




**मुंबई :** मुंबई के रहने वाले हैं और मशहूर फूड ज्वाइंट बड़े मियां पर खाने-पीने के लिए जाते रहते हैं तो आपके लिए एक बड़ी खबर है। दरअसल, एफडीए ने मुंबई के मशहूर फूड ज्वाइंट बड़े मियां पर रेड मारी थी। इस छापेमारी में अधिकारियों को बड़े मिया के किचन में कॉकरोच और चूहे जैसे इंसेक्ट तो मिले हैं ही साथ ही ये बात भी सामने आई है कि बिना ऋ्रअकलायसेंस के ये लोगों को फूड प्रोवाइड कर रहे थे। ऐसे में अब 76 साल पुराने इस रेस्टोरेंट को बंद करने का फैसला लिया है।

इस मामले को लेकर एक एफडीए अधिकारी ने बताया कि मुंबई में कई बड़े रेस्टोरंट चल रहे हैं। इन रेस्टोरेंट में बड़े और वीआईपी गेस्ट भी आते रहते हैं। ऐसे में क्या कस्टमर को खाना साफ-सुथरा और हाइजनिक परोसा जाता है या नहीं इसके लिए हम लगातार जांच कर रहे हैं। बड़े और मशहूर रेस्टोरेंट की लिस्ट में बड़े मियां का नाम भी शामिल है। ऐसे में जब हमने रेड मारी तो पाया कि यहां किचन में काफी सारी कमिया थीं। यहां कॉकरोच और चूहे के अलावा और भी कई इनसेक्ट मिले हैं। छापेमारी के दौरान अधिकारियों ने जब किचन में खामियां देखी और इसके बाद रेस्टोरेंट के पेपर चैक करे तो पता चला कि ऋ्रअकका लायसेंस तक इनके पास नहीं था। अब ऐसे में अधिकारियों ने 76 साल पुराने इस फूड ज्वाइंट को अनहाइजीनिक किचन और लाइसेंस ना होने की वजह से तत्काल बंद कर दिया गया है। अब मशहूर फूड ज्वाइंट बड़े मियां का बंद होना इसके मालिक के लिए तो झटका है ही साथ ही उन लोगों के लिए ये बुरा है जो कि यहां अक्सर खाने के लिए पहुंचते थे। अब जब तक रेस्टोरेंट के पेपर और एफडीए को मिली कमियों का निपटारा नहीं होगा तब तक रेस्टोरेंट पर ताला लगा रह सकता है।

# मुंबई में नशे के खिलाफ बड़ा एक्शन, अंधेरी में 4 करोड़ रुपये का ड्रग्स जब्त... 2 तस्कर गिरफ्तार



**मुंबई :** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में पुलिस ने ड्रग्स की बड़ी खेप पकड़ी की है। खुफिया इनपुट के आधार पर छापेमारी में चार करोड़ रुपये की ड्रग्स जब्त की गई है। साथ ही दो ड्रग तस्करों को गिरफ्तार भी किया गया है। एक अधिकारी ने बताया, मुंबई क्राइम ब्रांच को शहर के अंधेरी इलाके में दो संदिग्ध ड्रग पेडलर्स के बारे में जानकारी मिली थी। मुंबई पुलिस के अधिकारियों के मुताबिक, बुधवार को शहर में ड्रग्स के खिलाफ एक बड़े ऑपरेशन में मुंबई क्राइम ब्रांच की यूनिट-9 ने दो संदिग्ध ड्रग डीलरों को गिरफ्तार किया। छापेमारी में उनके पास से भारी मात्रा में एमडी ड्रग्स बरामद की। आरोपियों के पास से जब्त किये गए नशीले पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 4 करोड़ रुपये से अधिक है। मुंबई पुलिस ने कहा, क्राइम ब्रांच की यूनिट-9 को मुंबई के अंधेरी में दो संदिग्ध ड्रग तस्करों के होने की टिप मिली थी। जिसके बाद अंधेरी के डीएन नगर इलाके में छापेमारी की गयी और दो ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया गया। उनके पास से 4 करोड़ 6 लाख रुपये की ड्रग्स जब्त की गयी है। एक संदिग्ध आरोपी के पास से पुलिस ने लगभग 1016 ग्राम एमडी जब्त की, जिसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में लगभग 2 करोड़ 3 लाख रुपये है। जबकि दूसरे आरोपी के पास से 1017 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद की, जिसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 2 करोड़ से अधिक है। दोनों तस्करों की उम्र 26 साल के करीब बताई जा रही है। पुलिस ने उनके खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।




# राज्य में दो लाख सरकारी पद खाली हैं...

## नौकरियां कंपनियों को फायदा पहुंचाने के लिए कांट्रेक्ट पर दी जा रही हैं - अरविंद सावंत




**मुंबई** : शिंदे सरकार द्वारा विभिन्न सरकारी विभागों में अनुबंध (कॉन्ट्रैक्ट) के आधार पर भर्ती करने के फैसले का शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) पार्टी ने कड़ा विरोध किया है। शिवसेना ने इस भर्ती के खिलाफ सड़कों पर उतरने की चेतावनी दी है। शिवसेना नेता, भारतीय कामगार सेना के अध्यक्ष व सांसद अरविंद सावंत ने बुधवार को पत्रकार परिषद लेकर गद्दार सरकार को यह चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि अनुबंध भर्ती बेरोजगारों के घावों पर नमक छिड़कने जैसा है और भारतीय कामगार सेना जल्द ही कामगार समिति के साथ इस पर चर्चा करेगी और जोरदार विरोध करेगी।

दादर स्थित शिवसेना भवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में अरविंद सावंत ने घाती सरकार की कॉन्ट्रैक्ट भर्ती पर जोरदार हमला किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर साल दो करोड़ नौकरियां देने का एलान किया था। राज्य में दो लाख सरकारी पद खाली हैं। लेकिन ये नौकरियां कंपनियों को फायदा पहुंचाने के लिए कांट्रेक्ट पर दी जा रही हैं।

राज्य सरकार के जीआर के मुताबिक, अनुबंध के आधार पर कुशल श्रमिकों को २५ हजार से ६० हजार रुपए और उच्च कुशल श्रमिकों को ४० हजार से १ लाख २० हजार रुपए का भुगतान किया जाएगा। इसके अलावा इस भर्ती के लिए ठेकेदारों को सर्विस चार्ज के रूप में १५ फीसदी कमीशन दिया जाएगा। दो प्रतिशत अलग से दिया जाएगा। ऐसे में कर्मचारियों के हाथ में १८ से २० हजार रुपए ही आएंगे। उद्धव ठाकरे सरकार ने युवाओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए इस पर पैष्ठसला लेने से इनकार कर दिया था लेकिन बेरोजगार युवाओं के जख्म पर नमक लगाने का काम करने वाली इस सरकार ने कॉन्ट्रैक्ट भर्ती का निर्णय लेकर बेरोजगार युवाओं के साथ अन्याय किया है।

# विरार व बोरीवली आरपीएफ ने मोबाइल चोरी व धोखाधड़ी करने वाले 2 आरोपी धर दबोचे...



**वसई** : ऑपरेशन 'यात्री सुरक्षा' के तहत आरपीएफ (विरार व बोरीवली) ने धोखाधड़ी व रंगे हाथ मोवाइल फोन चोरी करने के मामले में दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी को जीआरपी (वसई व बोरीवली) के हवाले किया गया है। बता दें कि, आरपीएफ निरीक्षक (विरार) विनित कुमार व आरपीएफ निरीक्षक (बोरीवली) दिनेश कुमार के मार्गदर्शन में आरपीएफ अधिकारी व कर्मचारी विभिन्न मामलो में शामिल अपराधियों को धर पकड़ कर रहे है। बताया गया है कि 12 सितंबर को आरपीएफ विरार की सी. पी. डी. एस टीम के कैलाश जाधव, सी.टी राकेश तंवर सी.टी प्रधान चौधरी द्वारा विरार स्टेशन की निगरानी के दौरान एक मोबाइल चोर को विरार स्टेशन से रंगे हाथ गिरफ्तार किया, जिसका नाम प्रसाद विनय कावले, उम्र 29 वर्ष, निवासी साईनाथ नगर, विरार पूर्व का रहने वाला है। आरपीएफ एस.आई.पी.एफ. राजन कुमार द्वारा पूछताछ के बाद उसने यात्रियों की जेब से दो बार मोबाइल (कीमत 34499 रुपये) चोरी करने का अपराध कबूल किया। आरपीएफ ने उसे जीआरपी वसई को सौंप दिया है। जीआरपी की माने तो उपरोक्त चोर के ऊपर कलम 379 के तहत दो मामले दर्ज किए गए है, जिसमे एक मामला 12 सितंबर 2023 (मोबाइल कीमत 13,000 रुपये) व दूसरा मामला 13 सितंबर 2023 (मोबाइल 21499 रुपये) को दर्ज किया गया है। दूसरी घटना बोरीवली स्टेशन के प्लेटफॉर्म नं 6 पर 4 सितंबर 2023 को एक यात्री के साथ मोबाइल धोखाधड़ी की घटना हुई थी, जिसमें जीआरपी बोरीवली ने कलम 420, 406 के तहत मुकदमा दर्ज किया था। आरपीएफ बोरीवली की सी.पी.डी.एस टीम ने उक्त चोरी मामले के सीसीटीवी फुटेज की जांच की और अवलोकन के दौरान एक संदिग्ध पुरुष पाया, बोरीवली स्टेशन के आसपास के इलाके में लगातार निगरानी रखी जा रही थी। इस बीच 12 सितंबर को सी. पी.डी.एस टीम के सी.टी रवि कुंतल, सी.टी विनोद कुमार, सी.टी हरिशंकर यादव द्वारा बोरीवली स्टेशन के प्लेटफॉर्म नं 3 से एक संदिग्ध पुरुष व्यक्ति को पकड़ा। लेकिन, उसने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया, फिर उसे पोस्ट पर लाया गया, जहां उसने अपना नाम नदीम अब्दुल समद शेख उम्र- 26 वर्ष निवासी बिलाल पाड़ा नालासोपारा पूर्व बताया और मोबाइल (कीमत 39,999 रुपये) धोखाधड़ी का अपराध स्वीकार किया। आगे की कार्रवाई के उसे बोरीवली जीआरपी को सौप दिया गया है।

# नालासोपारा में बोगस डॉक्टर पर कार्रवाई, केस दर्ज



**वसई** : वसई विरार शहर महानगरपालिका ने एक बार फिर बोगस डॉक्टरों पर कार्रवाई शुरू कर दिया है। इसी क्रम में मनपा का नागरी प्राथमिक आरोग्य केंद्र के डॉक्टर ने पेल्हार थाने में एक 51 वर्षीय बोगस डॉक्टर के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। यह कार्रवाई उपायुक्त डॉ. विजय कुमार द्वासे व वैद्यकीय आरोग्य विभाग की प्रमुख डॉ. भक्ति चौधरी के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार, उपरोक्त महानगरपालिका अंतर्गत नागरी प्राथमिक आरोग्य केंद्र पेल्हार - नालासोपारा पूर्व में डॉ. वंदना वसईकर कार्यरत है। डॉ. वंदना ने पेल्हार थाने को शिकायत में बताया कि इश्याकुल हक रब्बानी के पास बिना मेडिकल डिग्री के नालासोपारा पूर्व के मणिचापाडा, पेल्हार स्थित लाईफ लाइन क्लीनिक चला रही थी, क्लीनिक चलाते समय आधुनिक दवाएँ और चिकित्सा उपकरण उपलब्ध थे, जिसमें इंजेक्शन व दवाएं आदि जप्त किया गया है।

# भिवंडी में पुलिस की तरफ से गणेशोत्सव २०२२ के गणेश मंडलों को पुरस्कार वितरण

## समाज में अमन शांति और भाईचारा बनाये रखने के लिए लोगों को एक साथ आने की जरूरत है- महेश पाटिल

**मुस्तकीम खान**

**भिवंडी** : ठाणे के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त महेश पाटिल ने भिवंडी में आयोजित सार्वजनिक राष्ट्रीय एकता व भाईचारा गणेश उत्सव 2022 के पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि दंगों से किसी का फायदा नहीं होता, शहर की आर्थिक हालत खराब होती है और विकास रुक जाता है। जातीय नफरत और साम्प्रदायिक दंगों की वजह से हर किसी को नुकसान होता है। शहर में अमन शांति कायम रहे और विकास हो इसलिए राष्ट्रीय एकता और सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के लिए लोगों को आगे आने की जरूरत है।



भिवंडी पुलिस आयुक्तालय परिमंडल 2 भिवंडी की तरफ से राष्ट्रीय एकता और सांप्रदायिक सद्भाव के तहत सभी पुलिस स्टेशन के अंतर्गत में सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडलों की सजावट और अनुशासित जुलूस निकालने वाले सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडलों के लिए अंजुर फाटा के हलारी ओसवाल सभागार में एक भव्य पुरस्कार वितरण 2022 का समारोह आयोजित किया गया। इस समय मुख्य अतिथि के रूप में ठाणे के अपर पुलिस आयुक्त महेश पाटिल, सपा विधायक रईस शेख, भिवंडी मनपा आयुक्त अजय वैद्य, पुलिस उपायुक्त नवनाथ ढवले, सहायक पुलिस आयुक्त किशोर खैरनार, सार्वजनिक गणेश उत्सव महामंडल अध्यक्ष मदन भोई और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। समाजशास्त्री सोशल मीडिया पर विवादित बयान और गलत पोस्ट कर समाज में नफरत पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं, इसलिए समझदार नागरिकों को सतर्क रहने की जरूरत है।

महेश पाटिल ने गणेशोत्सव मंडलों से पुलिस के निर्देशों और कानून का पालन करते हुए खुशी से त्योहार मनाने की अपील की। इस अवसर पर सार्वजनिक गणेशोत्सव महामंडल अध्यक्ष मदन भोई की ओर से मांग की गई कि शहर की खराब सड़कों और गणेश विसर्जन घाटों की तुरंत मरम्मत की जाए और साफ-सफाई के लिए युद्ध स्तर पर अभियान चलाया जाना चाहिए। भिवंडी मनपा प्रशासक व आयुक्त अजय वैद्य ने आश्वासन दिया कि गणेशोत्सव के दौरान सड़कों की मरम्मत और सफाई की जाएगी। इस अवसर पर बाल गोपाल गणेशोत्सव मित्र मंडल (नारपोली) धामनकर नाका मित्र मंडल, युवा गणेशोत्सव मंडल (खोनी गांव) जय भारत व्यायाम विद्यालय गणेश मंडल, जय हिंद मित्र मंडल (पद्मा नगर) स्वामी समर्थ गणेशोत्सव मंडल (कामतघर) गणेश मित्र मंडल (न्हावी पाड़ा) ) स्व. पंडित नाना मित्र गणेशोत्सव मंडल (कामतघर) जय गणेश मित्र मंडल (कोम्बडपाड़ा) शिव शक्ति मित्र मंडल (कोम्बडपाड़ा) गणेशोत्सव मंडल विठ्ठल मंदिर वाणी अली, संत शिरोमणि नामदेव शिम्पी समाज युवा मंडल, मुरलीधर गणेश मंडल, जय हिंद मित्र मंडल (पद्मनगर) स्वामी समर्थ गणेश उत्सव मंडल (कामतघर) गणेश मित्र मंडल सहित

# भाजपा के राज में महिला हिंसा में भारी बढ़ोतरी - नाना पटोले

**मुंबई** : महिलाओं पर अत्याचार करनेवाले कौरवों और रावण के साथ जो हुआ था, वही हाल भाजपा का भी होगा। केंद्र और महाराष्ट्र में राम राज्य नहीं बल्कि भाजपा रूपी रावण राज है ! यह बात कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने कही। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा के राज में महिला हिंसा में भारी बढ़ोतरी हुई है। दुनिया में देश का मान बढ़ानेवाली महिला खिलाड़ियों पर जुल्म करनेवाले बीजेपी सांसद के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। महाराष्ट्र से ७ हजार महिलाएं और लड़कियां गायब हो गई हैं और पुलिस स्टेशन में इसका कोई रिकॉर्ड नहीं है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि सावित्रीबाई फुले के राज्य से महिलाएं और लड़कियां गायब हो रही हैं। बीजेपी ने रामराज लाने का वादा किया था, लेकिन यहां रावण राज है। रावण ने सीता माता का हरण किया था और इसके बाद सभी नष्ट हो गए। द्रौपदी का वस्त्रहरण करनेवाले कौरव भी नष्ट हो गए। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि महिलाओं पर अत्याचार और अन्याय करनेवालों का भी यही हाल होगा। भाजपा ने देश की जनता को फंसाने



का काम किया है। वर्ष २०१४ में नरेंद्र मोदी ने झूठे वादे कर सत्ता हासिल की और सत्ता में आते ही सारे वादे भूल गए। पटोले ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वे भाजपा के इन जुमलेबाज नेताओं को ऐसा सबक सिखाएं कि वे सत्ता में कभी वापस न आएं।

एक तरफ राज्य की जनता से टैक्स वसूला जा रहा है, जबकि दूसरी ओर पीएम मोदी ने अपने मित्रों का १६ लाख करोड़ रुपए का कर्ज माफ कर दिया है। मोदी सरकार ने किसानों, गरीबों और युवाओं को धोखा देने का काम किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने २०२२ तक सभी को आवास देने की घोषणा की थी। हर घर में नल का जल, ऐसे तमाम वादों का क्या हुआ? पटोले ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने झूठ बोलकर प्रधानमंत्री की प्रतिष्ठा को धूमिल किया है।




# सोशल मीडिया पर दोस्ती कर एक शादीशुदा शख्स ने महिला से रचाई शादी, 45 लाख रुपये भी ठगे...




**ठाणे :** सोशल मीडिया पर दोस्ती करने के बाद एक व्यक्ति ने नवी मुंबई की 56 वर्षीय एक महिला से कथित तौर पर 45 लाख रुपये की नकदी और आभूषण ठग लिए। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि महिला, सानपाड़ा इलाके में अपने बेटे के साथ रहती है। वह 2020 में अपने पति से अलग हो गई थी। बाद में, उसकी मुलाकात सोशल मीडिया मंच फेसबुक पर मुंबई के कफ परेड इलाके के रहने वाले 42 वर्षीय शादीशुदा व्यक्ति से हुई। सानपाड़ा पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी ने महिला को यह नहीं बताया था कि वह शादीशुदा है। प्राथमिकी के मुताबिक आरोपी अक्सर महिला के घर आने लगा और फिर दोनों ने शादी कर ली।

अधिकारी ने बताया कि बाद में आरोपी ने कथित तौर पर महिला को पीटना और गालियां देना शुरू कर दिया और उसके बेटे को जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने महिला द्वारा दर्ज शिकायत के हवाले से बताया कि आरोपी ने कथित तौर पर उसके पैसे और सोने के आभूषणों सहित कुल मिलाकर 45 लाख रुपये ले लिए, जिसमें 36 लाख रुपये नकद भी शामिल थे।

महिला की शिकायत के आधार पर सानपाड़ा पुलिस ने मंगलवार को आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 406 (आपराधिक विश्वासघात), धारा 323 (स्वेच्छा से चोट पहुंचाना), धारा 494 (पति या पत्नी के जीवनकाल के दौरान दोबारा शादी करना), धारा 504 (शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमान) और धारा 506 (आपराधिक धमकी) मामला दर्ज किया। उन्होंने कहा कि मामले की जांच जारी है।

# वाशी में थप्पड़ का बदला... दो साल बाद दोस्त की हत्या




**नई मुंबई :** वाशी में एक ऐसी घटना हुई थी, जिसमें एक दोस्त ने दूसरे दोस्त को थप्पड़ मार दिया था। इस थप्पड़ का बदला दो साल बाद दोस्त ने दोस्त की हत्या करके लिया।

वाशी जीआरपी के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक संभाजी कटारे ने बताया कि २५ अप्रैल २०२३ को वाशी रेलवे स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक किनारे ऐरोली के रहने वाले हितेश बनसोडे का शव नाले में मिला था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक के बारे में और भी जानकारी इकट्ठा करने के लिए सभी पुलिस स्टेशनों को सूचित कर दिया गया। इस बीच २५ अप्रैल की रात को हितेश के घरवालों ने रबाले पुलिस स्टेशन हितेश की मिसिंग शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद हितेश की सारी जानकारी मिल सकी। वाशी जीआरपी ने घरवालों से मिली जानकारी के आधार पर जांच शुरू की। वाशी जीआरपी ने अलग-अलग टीम बनाकर वाशी से लेकर रबाले तक सीसीटीवी फुटेज की जांच की। सीसीटीवी फुटेज में पुलिस को हितेश के साथ एक संदिग्ध शख्स दिखाई दिया, जिसके आधार पर पुलिस ने उस शख्स को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। शख्स का नाम सागर था, पूछताछ में उसने बताया कि लगभग दो साल पहले हितेश ने उसके साथ मारपीट की थी। सागर इस बात को लेकर हितेश से काफी नाराज था। वह हितेश को मारकर उससे बदला लेना चाहता था। अपने प्लान को अंजाम देने के लिए सागर ने एक नाबालिग लड़के को अपने साथ मिलाया।

प्लान के अनुसार, हितेश को घूमने के बहाने सागर उसे वाशी ले गया। वाशी पहुंचने के बाद नाबालिग लड़के और हितेश के बीच कहासुनी हो गई। इस दौरान मौके का फायदा उठाकर सागर और नाबालिग लड़के ने हितेश के सिर पर पत्थर से हमला कर उसकी हत्या कर दी। और शव को नाले में फेककर फरार हो गए।

मामले का खुलासा होने के बाद वाशी जीआरपी ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दायर करते हुए सुनवाई शुरू कर दी है। चार्जशीट में पुलिस की तरफ से आरोपियों के खिलाफ अहम सबूत और गवाहों के बयान कोर्ट में पेश किए गए हैं। फिलहाल आरोपी सागर को तलोजा जेल में न्यायिक हिरासत में रखा गया है। कोर्ट इस मामले में अपना फसला जल्द सुना सकता है।

# पुलिस ने बाइक चोर गिरोह का पदार्फाश कर 3 आरोपियों को किया गिरफ्तार



**पालघर :** जिले की वानगांव पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के 5 अपराधों का खुलासा करते हुए 5 मोटरसाइकिल जब्त करने में सफल रही. पालघर जिले में पिछले सालों में वाहन चोरी के कई मामले दर्ज किए गए थे। पर शातिर चोर पुलिस की पकड़ से बाहर थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए,पुलिस अधीक्षक बालासाहेब पाटिल के मार्गदर्शन में स्थानीय क्राइम ब्रांच पालघर को उक्त अपराध में आरोपियों का पता लगाकर और उन्हें गिरफ्तार करने का निर्देश दिया गया था।

# सावधानी बरतते रहने की जरूरत, डब्ल्यूएचओ का अलर्ट...

World Health Organization

**मुंबई :** कोरोना के लगातार बढ़ते मामलों के बारे में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने सभी देशों को अलर्ट रहने के लिए कहा है। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक, कई देशों में जहां इन दिनों सर्दियां शुरू हो रही हैं, वहीं कोरोना के जोखिम भी तेजी से बढ़ते देखे जा रहे हैं। ऐसे में सभी लोगों को सावधानी बरतते रहने की जरूरत है। कोरोना के नए वैरिएंट्स के खतरे को ध्यान में रखते हुए टीकाकरण और कोरोना की ट्रैकिंग बढ़ाने की जरूरत है। हालांकि, कुछ देशों में अब भी कोरोना के सीमित डेटा उपलब्ध हैं, डब्ल्यूएचओ का अनुमान है कि दुनिया भर में बड़ी संख्या में संक्रमण के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं, ऐसे में लोगों को काफी सावधान रहने की जरूरत है। हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, ग्लोबल लेवल पर एक तरफ जहां केस बढ़ रहे हैं, वहीं इसके इलाज में इस्तेमाल की जाने वाली दवाओं के साइड इफेक्ट के मामले भी अक्सर सामने आते रहते हैं। ऐसे में लोगों को कोविड के इलाज में इस्तेमाल होने वाली दवाओं को इस्तेमाल करने के दौरान कोई भी साइड इफेक्ट दिखते ही तुरंत अपने डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

बीते कुछ दिनों से एक बार फिर से तेजी से बढ़ने लगा है। इस बार कोरोना वायरस का एक नया वैरिएंट आया है जो फेंफड़ों, दिल से लेकर शरीर के अन्य हिस्सों को भी बहुत ज्यादा नुकसान पहुंचा रहा है। हाल ही में एक और नया डराने वाला मामला सामने आया, जहां कोविड की दवा लेने के कुछ दिनों बाद ही एक बच्चे की आंखों का रंग बदल गया। इस घटना के बाद से ही डॉक्टर्स हैरान हैं।

कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कोविड का यह चौंकाने वाला मामला थाईलैंड में सामने आया है। शुरूआत में खांसी, बुखार जैसे सामान्य लक्षणों के बाद डॉक्टरों ने बच्चे को एंटीवायरल दवा दी। इसके बाद मरीज में कोरोना के लक्षणों में तो सुधार देखा गया लेकिन उसकी आंखों का रंग भी बदल गया।

रिसर्च जनरल, जर्नल 'प्रंटियर्स इन पीडियाट्रिक्स' में इस बच्चे की मेडिकल रिपोर्ट को भी पब्लिश किया गया है। इसके मुताबिक, आंखों के रंग में बदलाव आने के बाद डॉक्टरों ने उसे एंटीवायरल दवा देनी बंद कर दी थी।

# सायबर अपराधी इस अधिनियम को दे रहे हैं चुनौती

**मुंबई :** देश में नकली वेबसाइटें, मोबाइल ऐप, मोबाइल गेम और लोन ऐप सिर्फ आर्थिक ठगी ही नहीं, बल्कि इंसानी जिंदगियों को मौत के मुंह में धकेलने और धर्मांतरण जैसी आपराधिक गतिविधियों में लिप्त होते जा रहे हैं। मोबाइल गेम के कारण देश के सैकड़ों किशोर आत्महत्या कर चुके हैं, हजारों का मानसिक संतुलन बिगड़ चुका है। दूसरी तरफ केंद्र सरकार इसे रोकने के लिए सिर्फ पैसे से जुड़े गेम पर जीएसटी की दर को १८ फीसदी से बढ़ाकर २८ फीसदी कर इस जानलेवा आपराधिक गतिविधि को नियंत्रित करने का उपाय खोज रही है। केंद्र सरकार ने 'डिजिटल सुरक्षा अधिनियम २०२३' के माध्यम से डेटा सुरक्षित करने का एलान जरूर किया है, लेकिन इसमें अनेक खामियां हैं। यही वजह है कि सायबर अपराधी इस अधिनियम को चुनौती दे रहे हैं।

मिली जानकारी के अनुसार, जनवरी से मार्च २०२३ की तीन माह की अवधि में देश के इक्कीस लाख बैंक खातों से डेटा चोरी हुआ। देश के बैंकों पर सायबर हमलों की घटनाओं



में वृद्धि हो रही है। अगर बात करें आंकड़ों की तो पिछले तीन वर्षों में देश के बैंकिंग आर्थिक सायबर अपराधों में करीब तीन गुना वृद्धि हुई है, जबकि इस अवधि में ठगी गई रकम की मात्रा में पांच गुना बढ़ोतरी हो चुकी है। वर्ष २०२१ में देश में दर्ज सायबर ठगी के मामलों की संख्या ७.०५ लाख थी, जो मार्च २०२३ तक १९.९४ लाख पर पहुंच चुकी है। इस अवधि में ठगी गई राशि वर्ष २०२१ के ५४२.७ करोड़ रुपए के मुकाबले मार्च २०२३ में २,५३७.३५ करोड़ रुपए को पार कर चुकी है।

बैंक वाले अधिक कमाई और ब्याज वसूली के लिए अधिक से अधिक क्रेडिट कार्ड ग्राहक बनाने के मिशन में जुटे हैं, मगर क्रेडिट कार्ड को अपराधियों से सुरक्षित बनाने में गंभीर नहीं हैं। हाल में देश के राष्ट्रीयकृत बैंक ऑफ बड़ौदा में मप्र और दिल्ली के उन ग्राहकों के साथ बड़ी संख्या में धोखाधड़ी हुई, जो डिजिटल सेवा से जुड़े नहीं थे। शिकार ग्राहकों ने न कभी बैंक से एटीएम लिया, न ही ओटीपी साझा किया था। ग्राहकों से अनुमति लिए बगैर बैंक ने सभी ग्राहक खातों को बैंक के एक ऐप से जोड़ दिया था, जो ग्राहकों की ठगी का कारण बना। बैंक की गलती के बावजूद पीड़ित ग्राहकों के खाते में राशि नहीं लौटाई गई आरबीआई, बैंकों और लघु वित्तीय कंपनियों में ग्राहक डेटा सुरक्षा की नियमित निगरानी करने में विफल रहा है। ग्राहकों के सबसे अधिक डेटा चोरी बैंकों और बीमा कंपनियों के असुरक्षित भंडारण और कर्मचारियों की मिलीभगत से संभव हो पा रहे हैं। 'केवाईसी' कराने के नाम पर बैंक, बीमा कंपनियां, मोबाइल सेवा प्रदाता कंपनियां, शिक्षा और कोचिंग संस्थान समय-समय पर अपने ग्राहकों से 'केवाईसी' दस्तावेज लेने के बाद उनका सुरक्षित भंडारण और निष्पादन नहीं करते हैं।

मालिक, मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email-editor@rokthoklekhaninews.com